जागरण

भारत-बांग्लादेश सीमा पर जाली नोटों की तस्करी को BSF ने किया नाकाम, 5.58 लाख के नकली नोट जब्त

राज्य ब्यूरो, कोलकाता। बीएसएफ की 70वीं वाहिनी के जवानों ने मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास तस्करी के प्रयासों को नाकाम करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में 5.58 लाख रुपये मूल्य के जाली भारतीय नोटों की बड़ी खेप जब्त की है। बीएसएफ ने रविवार को एक बयान में बताया कि बल के दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत सीमा चौकी चुरियंतपुर व गोपालनगर इलाके से होकर इन नोटों की बांग्लादेश से भारत में तस्करी की कोशिश की जा रही थी।

बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी व डीआइजी एके आर्य ने बताया कि जब्त सभी 1116 पीस जाली नोट 500 के हैं। आर्य ने बताया कि बीएसएफ के खुफिया विभाग की सूचना पर जवानों ने शनिवार को अभियान चलाकर जाली नोटों को जब्त किया। इनमें सीमा चौकी चुरियंतपुर के जवानों ने 2,60,500 रुपये मूल्य के जबकि सीमा चौकी गोपालनगर के जवानों ने 2,97,500 रुपये के जाली नोट जब्त किए।

Source: https://www.jagran.com/west-bengal/kolkata-bsf-seizes-fake-notes-worth-more-than-rs-5-lakh-from-india-bangladesh-border-23623407.html